डॉ. कन्नन अम्बलम

डॉ. कन्नन अम्बलम को सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में योगदान के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित किया गया है।

डॉ. अम्बलम इथियोपिया में वोलेगा विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। आप कम लागत वाले पुलों के निर्माण में छात्रों और स्थानीय समुदायों को सक्रिय रूप से जोड़कर ग्रामीण अवसंरचना से संबंधित समस्याओं का निवारण करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। आपके प्रयासों का इथियोपिया में ग्रामीण समुदायों की आजीविका में सुधार पर बड़ा प्रभाव पड़ा है, क्योंकि इन कम लागत वाले पुलों के निर्माण से ग्रामीण–शहरी संपर्क व्यवस्था में सुधार हुआ है,जिससे बाजारों और चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच आसान हुई है और बच्चों को मानसून मौसम में स्कूल जाने में सुविधा हुई है।

आपने 2013 से, 78 कम लागत वाले पुलों का निर्माण किया है और 53 जल झरनों का पुनरुद्धार किया है। डॉ. अम्बलम को उनकी सामाजिक सेवा के लिए इथियोपिया सरकार और वहाँ के लोगों से व्यापक सम्मान मिला है।

Dr. Kannan Ambalam

Dr. Kannan Ambalam has been awarded the Pravasi Bharatiya Samman Award for his contribution in Community Welfare.

Dr. Ambalam is an Associate Professor at Wollega University in Ethiopia. He has been relentlessly working towards solving rural infrastructure problems by actively engaging students and local communities in constructing low-cost bridges. His efforts have a major impact on improving the livelihoods of rural communities in Ethiopia as these low-cost bridges have improved rural-urban connectivity, thereby providing easy access to markets and medical facilities and enabling children to attend school during the monsoon season.

Since 2013, he has constructed 78 low-cost bridges and revived 53 water springs. Dr. Ambalam has been widely recognised for his social service by the people and the Government of Ethiopia.